(d) इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है।

RPSC RAS (Pre) 2021
सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा 2028
बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक 2022

Ans. (*) : राजस्थान सरकार ने 19 दिसम्बर 2021 को अपने तीन वर्ष पूरे होने पर 'आई. एम. शक्ति उड़ान' योजना शुरू की, जिसके तहत महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन बांटे जायेंगे। इस योजना के तहत राज्य स्तर पर दो एवं जिला स्तर पर एक ब्रांड एंबेसेडर बनाए जायेंगे तथा इसका उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरुक बनाना है।
अतः प्रश्न में दिया गया a और b दोनों विकल्प गलत है।

1700. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की कौन सी विशेषता गलत है ?

(a) योजना के अंतर्गत विभिन्न बीमारियों के 1576 प्रकार के पैकेजेस एवं प्रोसीजर्स उपलब्ध हैं।
(b) मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 10 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जाँचों, दवाईयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में सम्मिलित हैं।
(c) इसकी शुरूआत 1 मई, 2021 से की गई।
(d) इस योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु ₹ 4.50 लाख की राशि का बीमा कवर प्रतिवर्ष प्रति परिवार देय है।

RPSC RAS (Pre) 2021
RPSC -SI-2021
RPSC प्रयोगशाला सहायक

Ans. (b) : 1 मई, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत विभिन्न बीमारियों के लिए 1576 प्रकार के पैकेजेस एवं प्रोसीजर्स उपलब्ध कराए गए हैं। मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 15 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जांचों, दवाईयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में शामिल है। इसके तहत् गंभीर बीमारी हेतु 4.5 लाख रुपये की राशि बीमा कवर के रुप में प्रदान की जायेगी।

1701. अब राजस्थान में राजकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क आई.पी.डी. और ओ.पी.डी. उपचार योजना का नाम होगा-

(a) मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना
(b) मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी योजना
(c) मुख्यमंत्री निःशुल्क जन औषधिक योजना
(d) मुख्यमंत्री आयुष प्रथम योजना

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान में राजकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क आई.पी.डी. और ओ.पी.डी. उपचार योजना का नाम अब 'मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना' होगा।

1702. परिवर्तित क्षेत्र विकास उपागम (माडा) कार्यक्रम शुरू किया गया था-

(a) 1968–69 (b) 1978–79
(c) 1974–75 (d) 1981–82

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I
वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक- 2022

Ans. (b) : परिवर्तित क्षेत्र विकास उपागम (माडा) कार्यक्रम 1978–79 में शुरू किया गया था। यह योजना आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रो के विकास के लिए है। यह योजना अलवर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, झालवाड़, टोंक, जयपुर, सिरोही, पाली, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ जिलों में संचालित की जा रही है।

1703. i-START सम्बन्धित है-

(a) विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क मोबाइल फोन
(b) स्टार्टअप ईकोसिस्टम
(c) e–वाहनों के लिए सब्सिडी
(d) ऑनलाइन शिक्षा के लिए सब्सिडी

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : राज्य सराकर द्वारा स्टार्ट अप में गति प्रदान करने तथा युवाओं को उद्यम लगाने व रोजगार के साधन मुहैया कराने के प्रयास हेतु i-START की शुरूआत 2017 में की। इस आई-स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में लगभग 1500 से अधिक स्टार्ट अप पंजीकृत है।

1704. राजस्थान सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक अभियान ''शुद्ध के लिए युद्ध'' _____ से चलाया जा रहा है।

(a) 26 नवम्बर, 2021 (b) 26 अक्टूबर, 2021
(c) 26 जनवरी, 2022 (d) 26 अक्टूबर, 2020

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : 26 अक्टूबर 2020 को राजस्थान सरकार द्वारा 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य, दूध से बनी खाद्य सामग्री, घी, मिठाई, मसाले, ड्राई फ्रूट्स इत्यादि में होने वाली मिलावट को रोकना है।

1705. किस जिले ने सिलिकोसिस केयर अभियान के लिए 24 वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड जीता है?

(a) जलवर (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) नागौर

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : नागौर जिले को 'सिलिकोसिस केयर अभियान' के तहत बेहतर कार्यो के लिए 24वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड प्रदान किया गया। इसका आयोजन 7 फरवरी 2022 को हैदराबाद में किया गया।

1706. ''राजीव गाँधी कृषक साथी सहायता योजना'' प्रदान करती है-

(a) बिजली गिरने तथा आंधी से फसल को हानि होने पर वित्तीय सहायता
(b) कृषि कार्यों से सम्बन्धित उपकरणों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता।
(c) कृषि कार्यों के दौरान एक्सीडेंट होने पर वित्तीय सहायता
(d) बागवानी एवम जैविक कृषि के लिए वित्तीय सहायता

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022